अति–आवश्यक

राजस्थान सरकार
निदेशालय कालेज शिक्षा राजस्थान जयपुर

क्रमांक : 1698 दिनांक : 30-10-2013

समस्त प्राचार्य
राजकीय एवं निजी महाविद्यालय
बी0एड0 महाविद्यालय
राजस्थान

विषय :– छात्राओं हेतु महाविद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं से संबंधित सूचना भिजवाने बाबत ।

संदर्भ :– एस.बी.सिविल रिट संख्या 3673/2013 (पीआईएल)

विषयान्तर्गत लेख है कि उपरोक्त संदर्भित रिट के संबंध में समस्त प्राचार्यो को निर्देशित किया जाता है कि आप अपने महाविद्यालय में छात्राओं हेतु उपलब्ध निम्नलिखित मूलभूत सुविधाओं का बिन्दुवार ब्यौरा एवं अन्य मांगी गई सूचना तुरन्तफैक्स नं0 0141–2706550 एवं 0141–2702247 पर भिजवाये एवं व्यक्तिगत रूप से निदेशालय में दिनांक 6–11–2013 की प्रातः 11.00 बजे तक भिजवाया जाना सुनिश्चित करें ।

1. महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं की संख्या
2. महाविद्यालय में छात्राओं हेतु उपलब्ध शोचालयों की संख्या
3. शुद्ध पीने के पानी की व्यवस्था
4. छात्राओं हेतु कॉमन रूम की व्यवस्था
5. छात्राओं के वाहन के पार्किंग की व्यवस्था
6. छात्राओं हेतु महाविद्यालय परिसर में केन्टिन सुविधा
7. महाविद्यालय में कार्यरत शैक्षणिक व अशैक्षणिक कर्मचारियों की संख्या (पुरूष व महिला के संदर्भ में अलग–अलग प्रस्तुत करें)

(नवीन जैन)
निदेशक
कालेज शिक्षा एवं
पदेन संयुक्त शासन सचिव
उच्च शिक्षा

क्रमांक 1699-1703 दिनांक 30-10-2013

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, निदेशक कालेज शिक्षा राज0 जयपुर ।
2. निजी सचिव, अतिरिक्त निदेशक, कालेज शिक्षा राज0 जयपुर ।
3. समस्त संयुक्त निदेशक, निकाशि जयपुर
4. सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, अजमेर/बीकानेर/जोधपुर/उदयपुर/जयपुर व कोटा को प्रेषित कर लेख है कि वे अपने–अपने क्षेत्र की सूचना एकत्रित कर उपरोक्तानुसार निर्धारित समय में निदेशालय में भिजवाया जाना सुनिश्चित करें ।
5. डा0 धीरेन्द्र देवर्षि, प्रभारी वेब अपलोड करने हेतु ।

(डा0 सी0एम0 खटीक)
संयुक्त निदेशक
कालेज शिक्षा